बजट | 2200 करोड़ रूपये का ऐतिहासिक बजट सर्वसम्मति से पारित : महापौर

# जबलपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस करेगा बजट



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2200 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे भव्य और ऐतिहासिक बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। बजट पारित होने के बाद महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा कि यह बजट न केवल शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि जबलपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से भी लैस करेगा। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जलगंगा संवर्धन योजना अंतर्गत जबलपुर नगर सीमांतर्गत ऐतिहासिक गौर नदी को उसके प्राकृतिक रूप में लाने का कार्य किया जा रहा है। जो कि भविष्य में जबलपुर नगर का एक पर्यटन के नवीन स्थल के रूप में पहचाना जायेगा एवं मां नर्मदा में मिलने वाली एक बड़ी नदी के रूप में पुन: जानी जायेगी। इसके जमतरा स्थित खिरैनीघाट एवं भटौली स्थित कालीघाट को विकसित किया जायेगा।

इसी तरह माढ़ोताल का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य 8 करोड़ की राशि से शुरू किया गया है। इसी क्रम में शहर में अनेक जल स्त्रोतो का भी जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जायेगा। महापौर ने ये भी स्पष्ट किया कि इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि बीते 3 वर्षों की तरह इस बार भी जनता पर न तो कोई नया टैक्स लगाया गया और न ही निगम ने कोई कर्ज लिया। विदित हो कि पिछले दो दिन से चल रही नगर निगम की बजट बैठक गहमा गहमी भरे माहौल में चली जिस कारण दोनों दिन बैठक को स्थगित करना पड़ा। शुक्रवार को तीसरे दिन अंतत: 2200 करोड़ रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित हो गया।

### कुछ इस तरह होंगे कायाकल्प

महापौर ने जो कहा वो किया के संकल्प को दोहराते हुए शहर के कायाकल्प के लिए अधोसंरचना एवं विकास, 650 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि से शहर में सड़कों, पुलियों और नालियों का जाल बिछाया जाएगा, 20 करोड़ रुपये के निवेश से पूरे शहर को दूधिया रोशनी से जगमग किया जा चुका है। 200 करोड़ रुपये की लागत से बायो गैस प्लांट की स्थापना होगी और 15 करोड़ रुपये से श्मशान घाटों का कायाकल्प किया जाएगा।

### इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की होगी स्थापना

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जबलपुर को खेल जगत के मानचित्र पर लाने के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं जिसके अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की स्थापना, ओलंपिक स्तर के स्विमिंग पूल का निर्माण, शहर में फिल्म सिटी बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास, 100 करोड़ की लागत से पार्कों का सौंदर्यीकरण होगा। वहीं महापौर ने संविदा कर्मियों के लिए बड़ी खुशखबरी देते हुए उनका वेतन 9,000 से बढ़ाकर 21,000 रुपये कर दिया गया है। 500 'डेली नीड्स पार्लर' के माध्यम से 1,000 युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। शहरवासियों के लिए 43 संजीवनी क्लीनिक का निर्माण पूरा।

### जबलपुर को महानगर बनाने का संकल्प: महापौर

बजट पारित होने पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि जबलपुर को महानगर बनाने का संकल्प है। वहीं निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने इस बजट को सर्वसम्मति से पारित होना शहर के विकास के लिए एक स्वर्ण युग की शुरुआत बताया है।

### आप जरा सी बातों पर उत्तेजित नहीं हुआ करें: जीतू कटारे

पार्षद जीतू कटारे ने नेता प्रतिपक्ष को सदन में कहा कृपया आप जरा जरा सी बातों पर उत्तेजित न हुआ करें , आप वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष हैं न कि छात्र नेता। जीतू कटारे ने सदन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी का हृदय से धन्यवाद आभार प्रकट किया।

### जबलपुर के नाम दर्ज हुईं कई ऐतिहासिक उपलब्धियां

महापौर ने बजट बैठक में ये भी बताया कि जबलपुर देश का पहला ऐसा शहर बन गया है जिसने वूमेन सेफ सिटीज के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ सीधा अनुबंध किया है। पिछले 3 वर्षों में 1500 लीज प्रकरणों का ऐतिहासिक निराकरण कर जनता को बड़ी राहत दी गई है। 10 करोड़ की लागत से हाईटेक गौशाला का निर्माण अंतिम चरण में है। सार्वजनिक परिवहन को सुगम और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए 100 ए.सी. इलेक्ट्रिक बसों की सौगात जल्द मिलेगी।

### तिलक वार्ड की गंदगी की दिखाई तस्वीर



नगर निगम बजट बैठक के तीसरे दिन शुक्रवार को तिलक वार्ड की पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी ने सफाई व्यवस्था को लेकर नाइट स्वैपिंग का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2026 में जब से टैंडर चेंज हुआ है तभी से उनके वार्ड में रात को सफाई नहीं हो रही है। बड़ी ओमती से विक्टोरिया हॉस्पिटल रोड, तुलाराम चौक , मुकादमगंज ,गलगला , गुरंदी आदि क्षेत्र में कचरे के ढेर लगे हुए हैं, डोर टू डोर कचरा नहीं उठ रहा है। इस गंदगी का उन्होनें सदन को एक फोटो भी दिखाया। इसी प्रकार शगुफ्ता उस्मानी ने गंदे पानी की बोतल भी दिखाई और बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थान जैसे घंटाघर नाले किनारे की बस्ती ,उड़िया मोहल्ला, गुरंदी आदि क्षेत्रों में गंदे पानी की शिकायत आए दिन बनी रहती है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बजट बैठक के दौरान मां नर्मदा में मिल रहे गंदे पानी के मुद्दे को उठाया और विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया।

## स्टेशनों का किया पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं पर दिया ध्यान

**जबलपुर रेल मंडल की उल्लेखनीय उपलब्धियां**

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान यात्री सुविधाओं के विस्तार, संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण तथा रेल संचालन की गति एवं सुरक्षा में वृद्धि हेतु अनेक महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए गए हैं। इसमें मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कुल 05 स्टेशनों ब्यौहारी, गाडरवारा, नरसिंहपुर, मैहर एवं सिहोरा रोड का पुनर्विकास एवं आधुनिकीकरण किया गया है। इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में व्यापक सुधार, दिव्यांगजनों हेतु सुगम पहुंच तथा आकर्षक एवं आधुनिक अवसंरचना विकसित की गई है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्राप्त हो रहा है। वही दिव्यांगजन सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए वर्ष के दौरान कुल 49 स्टेशनों पर दिव्यांगजन अनुकूल व्यवस्थाएं पूर्ण की गई हैं। इसके साथ ही यात्रियों की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्टेशनों पर 19 नए प्लेटफॉर्म एवं 25 प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण किया गया है। यात्री आवागमन को सुगम बनाने हेतु 04 नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है, जिनमें बरगवां स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, खन्नाबंजारी एवं सलहना स्टेशनों पर नए फुट ओवर ब्रिज तथा पिपरिया स्टेशन पर मौजूदा फुट ओवर ब्रिज का विस्तार शामिल है।

### बंद की गई लेवल क्रासिंग

रेल सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कुल 21 लेवल क्रॉसिंग बंद किए गए हैं, जिनमें 18 पर आरयूबी 02 पर आरओबी निर्माण तथा 01 को कम ट्रैफिक के कारण बंद किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान 50 आरयूबी एवं 08 आरओबी का निर्माण भी किया गया है, जिससे सुरक्षा में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। रेल संचालन की गति बढ़ाने हेतु 223.64 किलोमीटर ट्रैक पर सेक्शनल स्पीड में वृद्धि की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य 180 किमी से अधिक है।

### थर्ड लाइन का सफलतापूर्वक कमिशनिंग किया गया

इसके अतिरिक्त 37.39 ट्रैक किलोमीटर थर्ड लाइन (त्रि-लाइन) का भी सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है। लाइन क्षमता में वृद्धि हेतु विभिन्न स्टेशनों सलीचौका, भिटोनी, देवरी, निवारी, मैहर एवं अमदरा में सीएसआर सीएसएल मानकीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है। जबलपुर यार्ड में डीएन शंटिंग नेक का विस्तार 402 मीटर से बढ़ाकर 692 मीटर किया गया है, जिससे बिना मुख्य लाइन को प्रभावित किए पूर्ण रेक शंटिंग संभव हो सकी है और यार्ड की कार्यकुशलता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## 101 वर्षीय बुजुर्ग की पेंशन पर ई-रिक्शा चालक ने साफ किया हाथ, 50 हजार की चोरी

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में एक शातिर ई-रिक्शा चालक ने अपनी उम्र का शतक पूरा कर चुके एक 101 वर्षीय बुजुर्ग की पेंशनर की गाढ़ी कमाई के 50 हजार रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के कुशीनगर की रहने वाली श्रीमती शिवकुमारी शर्मा (57) अपने 101 वर्षीय पिता रामचंद्र शर्मा से मिलने जबलपुर आई हुई थीं। उनके पिता शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त पेंशनर हैं और अधारताल के महाराजपुर कमानिया गेट इलाके में रहते हैं। शिवकुमारी अपने पिता की पेंशन निकालने के लिए उन्हें लेकर गोकलपुर रांझी स्थित सेंट्रल बैंक जाने के लिए घर से निकलीं। घर से जाते समय उन्होंने एक ई-रिक्शा बुक किया था। चालक ने अपना नाम नितिन ठाकुर बताया और अपना मोबाइल नंबर भी दिया। बैंक पहुँचने पर शिवकुमारी ने यह सोचकर कि वापस जाते समय पिता को परेशानी न हो, नितिन से कहा कि काम होने पर वे उसे फोन कर देंगी। बैंक से बुजुर्ग पिता ने अपने खाते से 50 हजार रुपये निकाले, जिसे शिवकुमारी ने एक बैग में सुरक्षित रख लिया। इसके बाद उन्होंने नितिन ठाकुर को फोन कर बुलाया और उसी के ई-रिक्शा से घर के लिए रवाना हुईं। वापसी के दौरान शातिर चालक नितिन ने अधारताल तिराहे से दो अन्य अज्ञात महिलाओं को भी रिक्शे में बैठा लिया। वे महिलाएँ सुहागी स्थित हनुमान मंदिर के पास उतर गईं। इस बीच 101 साल के पिता रिक्शे की अगली सीट पर बैठे थे। शिवकुमारी का पूरा ध्यान इस बात पर था कि उनके वृद्ध पिता कहीं रिक्शे से गिर न जाएं। इसी अफरा-तफरी और मौके का फायदा उठाकर चालक ने बैग से रुपयों की गड्डी पार कर दी।

### किराया देने के लिए बैग खोला तो उड़े होश

जब ई-रिक्शा महाराजपुर पहुँचा, तो शिवकुमारी ने चालक को तय किराया 220 रुपये देने के लिए बैग खोला। बैग देखते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई बैग में रखे 50 हजार रुपये गायब थे। पीड़िता का सीधा आरोप है कि चालक नितिन ठाकुर ने ही बड़ी चालाकी से उनकी नजर बचाकर पैसे चोरी किए हैं। पुलिस ने शिवकुमारी शर्मा की रिपोर्ट पर आरोपी चालक नितिन ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब चालक के मोबाइल नंबर और क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह बने स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष

जबलपुर, नवभारत। म.प्र. में अधिवक्ताओं की सबसे बडी संस्था मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण हो गया। जिसके उपरांत बार काउंसिल को आगे संचालित करने हेतु बार काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली ने एक समिति गठित की जिसमे म.प्र. के महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह को स्टेट बार काउंसिल का नया अध्यक्ष तथा ग्वालियर के अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपेन्द्र कुशवाह व केन्द्र सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरू को सदस्य नियुक्त किया गया है। महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह ने तत्काल ही बार काउंसिल में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर प्रदेश के अधिवक्ताओ के हितार्थ कार्य प्रारंभ कर दिया। इस अवसर पर परिषद के सचिव आशीष आनंद सहित उपस्थित सभी कर्मचारियो ने नये अध्यक्ष का पुष्पहारो से स्वागत किया उल्लेखनीय है कि स्टेट बार काउंसिल की कार्यकारिणी का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।

## फर्जी रेरा और टीएनसीपी दस्तावेज दिखाकर महिला अधिवक्ता से 5 लाख की ठगी

**जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर भूमाफियाओं ने की धोखाधड़ी**

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर में जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर भू माफियाओं ने एक महिला अधिवक्ता को विकास और सरकारी अप्रूवल का झांसा दिया। फर्जी रेरा और टीएनसीपी दस्तावेज दिखाकर पांच लाख रूपए ऐंठ लिए । पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मोतीराम कंपाउंड, गोरखपुर निवासी अधिवक्ता आरजू अली (31) ने महाराजपुर स्थित खसरा नंबर 15/9/1 का एक 1000 वर्गफुट का प्लॉट जैद खान से खरीदा था। आरोपियों ने भरोसा दिलाया था कि उक्त भूमि टीएनसीपीऔर रेरा से पूरी तरह अप्रूव्ड है। आरोपियों ने पीड़िता को गुमराह करने के लिए फर्जी अप्रूवल लेटर और दस्तावेज भी दिखाए थे। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने कड़ी मेहनत से जमा किए गए 5,00,000 रुपये जैद खान और कज्जू कदीर खान को प्राइम हेल्थ केयर सेंटर अस्पताल अधारताल के संचालक संजीव सिंह के सामने सुपुर्द किए थे। 6 अक्टूबर 2024 को रजिस्ट्रार कार्यालय में उक्त प्लॉट का विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) भी निष्पादित किया गया, जिसमें आरोपियों ने चालाकी से लिखवाया कि उन्हें पूरी राशि प्राप्त हो चुकी है। रजिस्ट्री के 8 महीने बीत जाने के बाद भी जब प्लॉट पर कोई विकास कार्य नहीं हुआ और पीड़िता को कब्जा नहीं दिया गया, तब धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने पूरी साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उन्हें झांसे में रखकर ठगी की। कब्जा न मिलने और मेहनत की कमाई डूबने के कारण पीड़िता को भारी मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने आरजू अली की शिकायत पर मुख्य आरोपी जैद खान और कज्जू कदीर खान के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस उन दस्तावेजों की भी पड़ताल कर रही है जिन्हें फर्जी तरीके से तैयार कर पीड़िता को दिखाया गया था।

### कईयों के साथ कर चुके ठगी

पीड़िता के दोनों के द्वारा फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे धोखे में रखकर उक्त प्लाट बेचा है, भूमि का विक्रय कर 5,00,000 रूपए ऐंठे है। रजिस्ट्री होने के बाद प्लाट नहीं दिया है। दोनों ने इसके पहले भी कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की है।

### रज्जाक-सरताज के नाम से हत्या करवाने की धमकी

पीड़िता ने बताया कि जब उसने जैद खान से प्लट को उसे सुपुर्द करने की बात की तो जैद खान और कज्जू कदीर खान ने उसे बुरे परिणाम भुगतने की धमकी दी। कहने लगे कि तुम अधिवक्ता हो इससे हमें कोई फर्क नहीं पडता, मेरा रिश्तेदार रज्जाक पहलवान है, जिनके नाम से पूरा शहर कांपता है जाओ पहले उनके बारे में पता करके आओ और फिर मुझसे बात करना और उसका लड़का सरताज दोनों मेरे रिश्तेदार है, उसके पास कई गुर्गे है, जिनसे तुम्हारी हत्या करा देंगे।

## वेतन विसंगति और स्वास्थ्य बीमा के उठाए मुद्दे

**कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री से लंबित मांगों पर चर्चा**



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ और भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर कर्मचारियों की लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे कर्मचारियों में उम्मीद जगी है। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर, कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, महामंत्री जितेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य, शिक्षक संघ अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौड़, संगठन मंत्री राजीव शर्मा और जिला सचिव भोपाल बालेंदु सिंह शामिल रहे।

जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया कि बैठक में टेट परीक्षा को लेकर रिव्यू पिटीशन, पात्र शिक्षकों को तैयारी में सहयोग, अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति तिथि निर्धारण, वेतन विसंगतियों के समाधान हेतु कर्मचारी आयोग गठन, दो संतान नीति समाप्त करने और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने जैसे मुद्दे उठाए गए। मुख्यमंत्री ने इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देते हुए अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई को आवश्यक कदम उठाने को कहा है। संघ के पदाधिकारी देवेंद्र पचौरी, पंकज दुबे, एस.पी. बाथरे, मुकेश मिश्रा, राजाराम डेहरिया, कवल शैयाम, सतीश उपाध्याय, अजय दुबे, रजनीश पांडेय, परसराम तिवारी, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, विपिन शर्मा, हर्ष मनोज और दुर्गेश पांडेय ने समस्याओं के जल्द समाधान के आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया है।

### नासिक घटना के विरोध में धरना प्रदर्शन आज

**नवभारत, जबलपुर।** नासिक में हिंदू युवतियों के साथ कथित लव जिहाद एवं शोषण की घटनाओं के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आज शनिवार को दोपहर 12 बजे दमोह नाका चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की जाएगी। संगठन के पदाधिकारियों ने इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा एवं सम्मान की रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाए जाना अत्यंत आवश्यक है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने सभी कार्यकर्ताओं एवं समाज के जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## पनागर विधायक ने डिजिटल माध्यम से दर्ज की अपनी जानकारी



**नवभारत, जबलपुर।** प्रदेश में जारी स्व-गणना अभियान के दूसरे दिन पनागर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सुशील तिवारी इन्दु ने एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। विधायक इंदु तिवारी ने स्वयं डिजिटल माध्यम से अपनी गणना कर शासन की इस महत्वपूर्ण मुहिम में सहभागिता निभाई और तकनीक के माध्यम से व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

अपनी गणना पूर्ण करने के बाद विधायक सुशील तिवारी ने क्षेत्रीय नागरिकों से उत्साहपूर्वक इस प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा स्व-गणना केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हमारी सक्रिय भागीदारी है। जब शासन के पास सटीक डेटा होगा, तभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुचारु रूप से पहुँच सकेगा। डिजिटल गणना सरल और सुरक्षित है, अत: सभी नागरिक स्वयं आगे आकर इसे पूर्ण करें।

### प्रशासनिक अमला भी सक्रिय

अभियान को गति देने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मैदान में सक्रिय हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से नागरिकों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपनी स्व-गणना सुनिश्चित करें। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि डिजिटल माध्यम से की जाने वाली यह गणना पूरी तरह गोपनीय और पारदर्शी है।

बैठक | अपर आयुक्त ने व्यापारियों के साथ की बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

## अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने बाजारों में फायर सेफ्टी के लिए बनी सहमति



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त अंजू सिंह ने मुकादम गंज, नरघईया, लार्डगंज, महिला मार्केट और गंजीपुरा मार्केट के व्यापारी संघों के साथ एक विशेष बैठक की। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य बाजारों को 'अग्नि सुरक्षित' बनाना और भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी को रोकना है।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए शासन के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान व्यापारियों ने संकल्प लिया कि वे शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप अपने व्यावसायिक संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में फायर एक्सटिंग्विशर और अन्य बचाव उपकरण लगाएंगे। अपर आयुक्त ने समझाइश दी कि केवल उपकरण लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कर्मचारियों को उनके उपयोग का प्रशिक्षण भी होना चाहिए ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

अपर आयुक्त अंजू सिंह ने व्यापारियों के सुझावों को गंभीरता से लिया और भरोसा दिलाया कि शासन स्तर पर इन समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे।

### व्यापारियों ने रखीं अपनी मांगें

बैठक के दौरान बाजारों को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए व्यापारी संघों ने प्रशासन के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण सुझाव और मांगें भी रखीं। व्यापारियों ने मांग की है कि बिजली विभाग द्वारा लगाए गए पुराने तार, खंभे और पुराने मीटरों को तत्काल बदला जाए, क्योंकि शॉर्ट सर्किट आग लगने का एक बड़ा कारण होते हैं। इसके लिए शासन स्तर से बिजली विभाग को आदेशित करने का आग्रह किया गया है। सुगम आवागमन और आपातकालीन वाहनों के पहुंचने के लिए व्यापारियों ने मांग की कि सड़क किनारे लगने वाली अवैध दुकानों को व्यवस्थित किया जाए ताकि मार्ग बाधित न हो।

### कैशलेस ट्रांजेक्शन से 13 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेल द्वारा यात्रियों को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों के माध्यम से सुविधाजनक, सुरक्षित एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कैशलेस ट्रांजेक्शन को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी दिशा में पश्चिम मध्य रेल भी सक्रिय रूप से प्रयासरत है और विभिन्न डिजिटल भुगतान माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस (पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम) एवं यूटीएस (अनरिज़र्व्ड टिकेटिंग सिस्टम) काउंटर्स पर यूपीआई भीम, मोबाइल टिकटिंग तथा पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

## टीईटी मामले में सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**कर्मचारी संघ ने फैसले का किया स्वागत, शिक्षकों को बड़ी राहत की उम्मीद**

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश सरकार ने टीईटी परीक्षा से जुड़े मुद्दे पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी है। लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त अभिषेक सिंह ने यह जानकारी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह को दी। संघ के प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर कर्मचारियों के हित में यह मांग रखी गई थी। सरकार की इस पहल को संघ ने सकारात्मक कदम बताते हुए स्वागत किया है।

जिला स्तर पर भी निर्णय की सराहना की गई। जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, सचिव देवेंद्र पचौरी सहित नरेश शुक्ला, प्रशांत सौंधिया, एस.पी. बाथरे, बृजेश मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, राम शंकर शुक्ला, सुनील पचौरी, पंकज दुबे, अजीत वर्मा, योगेश देशमुख और अरुण पटेल ने शिक्षकों के हित में लिए गए इस फैसले की प्रशंसा की। संघ का कहना है कि यह कदम कर्मचारियों और सरकार के बीच बेहतर समन्वय के साथ प्रदेश के विकास में सहायक साबित होगा।